Cनews सिटी चीफ
वर्ष-15, अंक-215
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
अपनी नजर सिर्फ उसी चीज़ पर रखो जिसे तुम पाना चाहते हो, उस पर नहीं जिसे तुम खो चुके हो!

# बिहार सिटी चीफ



CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
बिहार, रविवार, 10 नवम्बर 2024
सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

### पटना: ट्रैफिक जाम में फंसी रही एंबुलेंस

## खत्म हो गई ऑक्सीजन, मरीज की मौत...



पटना, पटना में राजेन्द्र सेतु पर भीषण जाम के कारण एक मरीज की मौत हो गई। मरीज को ले जा रही एंबुलेंस जाम में फंस गई। एंबुलेंस के निकलने की कोई संभावना नहीं थी। जिसके चलते ऑक्सीजन लगे मरीज ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मरीज गेंहारी यादव को लखीसराय के लाखोचक से इलाज के लिए बेगूसराय ले जाया जा रहा था। लेकिन जाम में फंसी एंबुलेंस सही समय पर निकल नहीं सकी। ऑक्सीजन खत्म होने लगा, जिससे मरीज की मौत हो गई। इस दौरान अफरातफरी की स्थिति रही। इसी बीच दो महिलाएं, भी पुल से सीधे गंगा नदी में जा गिरी। एक महिला को स्थानीय लोगों और नाविकों की तत्परता से बचा लिया गया। हालांकि, दूसरी महिला के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। दरअसल, छठ पूजा खत्म के बाद शनिवार को राजेन्द्र सेतु पर 15 घंटे से अधिक समय तक भीषण जाम लगा रहा। सुबह से देर रात तक यहां वाहनों की लंबी कतार लगी थी। 5 से 8 घंटे में लोग राजेन्द्र पुल को पार कर रहे थे। पुल का पैदल रास्ता तक जाम हो गया था। परिजनों ने मरीज को जाम से निकालकर सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। बीच रास्ते में ही मरीज ने दम तोड़ दिया। सिमरिया में मुंडन व गंगा स्नान के लिए काफी संख्या में लोग जा रहे थे। वहीं छठ पूजा की समाप्ति के बाद राजेन्द्र सेतु पर वाहनों का दबाव काफी अधिक था। लोग छुट्टियां समाप्त कर अपने कार्य स्थल को लौट रहे थे। राजेन्द्र सेतु का और एप्रोच पथ का दोनों लेन जाम हो गया। पुल के दोनों छोर पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। भीड़ के बावजूद पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई थी। यातायात नियंत्रण में पुलिस की विफलता के कारण ही जाम की इतनी बुरी स्थिति देखी गई।

### बेगूसराय में हुआ रेल हादसा

## बरौनी जंक्शन पर लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस की शंटिंग के दौरान शंट मैन की दर्दनाक मौत




**पटना.** बिहार के सोनपुर रेल मंडल के अंतर्गत बरौनी जंक्शन पर रेलवे की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां बेगूसराय में लापरवाही के चलते एक कर्मचारी को जान गंवानी पड़ी। मामला बरौनी जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर-5 का है। यहां लखनऊ जंक्शन से बरौनी आने वाली 15204 लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस की शंटिंग के दौरान एक शंट मैन की मौके पर ही जान चली गई। इस घटना के बाद रेलवे ने जांच के आदेश दिए हैं। मृतक शंट मैन की पहचान अमर कुमार राव के रूप में की गई है। लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस के कपलिंग खोलने के दौरान ट्रेन का इंजन पीछे हो जाने के कारण शंट मैन अमर कुमार उसी में फंस गया। इंजन और कोच के बीच फंसने से अमर कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

**ट्रेन छोड़कर भागा ड्राइवर**

कपलिंग के दौरान इंजन पीछे होने पर जब ड्राइवर को चेताया गया तो वह कथित तौर पर इंजन छोड़कर भाग निकला। उसके पास ब्रेक लगाकर इंजन को रोकने और आगे करने का मौका था। ऐसा होने पर हादसा रुक सकता था। हादसा होने के बाद भी शंटमैन को अस्पताल पहुंचाया जा सकता था और उसकी जान बच सकती थी, लेकिन ड्राइवर के भागने के कारण शंट मैन को नहीं निकाला जा सका और ट्रैक पर ही उसकी मौत हो गई।

**रेल हादसों को लेकर विपक्ष के निशाने पर रही है सरकार**

देश में पिछले कुछ महीनों में लगातार रेल हादसे हो रहे हैं। इनमें से कई हादसों के पीछे साजिश की बात भी सामने आई है। कई मौकों पर रेल कर्मचारियों की सूझबूझ से हादसे रोके भी गए हैं। इस बीच विपक्ष ने रेल हादसों को लेकर सरकार को घेरा है। 31 अक्टूबर को तमिलनाडु के मदुरै में बोदिनायक्कनूर जा रही एक एक्सप्रेस ट्रेन का एक पहिया पटरी से उतर गया था, हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ था। इससे पहले विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा था कि रेल हादसों पर सरकार कब जागेगी। उन्होंने यह भी कहा था कि जवाबदेही ऊपर से शुरू होती है, लेकिन कई हादसों के बाद भी सरकार नहीं जागी है।

### आज आठ स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

## कितने बजे कहां से खुलेंगी



बिहार में महापर्व छठ के समापन के बाद बाहर से आने वाले लोग अब किसी तरह वापस जाने की कोशिश में लगे हैं। कई ट्रेनों में सीटें फुल हैं और लोगों को टिकट नहीं मिल रहा है। रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 10 नवंबर यानी रविवार को आठ स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। यह जानकारी देते हुए रेलवे के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि ट्रेन संख्या 05744 (कटिहार-छपरा) स्पेशल कटिहार से 16:00 बजे रवाना होगी और अगले दिन 00:20 बजे छपरा पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 07541 (कटिहार- दौरम मधेपुरा) स्पेशल कटिहार से 19:00 बजे रवाना होगी और अगले दिन 22:00 बजे दौरम मधेपुरा पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 07540 (कटिहार-मनिहारी) स्पेशल कटिहार से 20:30 बजे रवाना होगी और 21:30 बजे मनिहारी पहुंचेगी।

यह सभी ट्रेनें चलेंगी

ट्रेन संख्या 05742 (न्यू जलपाईगुड़ी-गोमती नगर) स्पेशल न्यू जलपाईगुड़ी से 08:00 बजे रवाना होगी और अगले दिन 07:15 बजे गोमती नगर पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 01666 (अगरतला-रानी कमलापति) स्पेशल अगरतला से 17:20 बजे रवाना होगी और 12 नवंबर को 16:35 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 05831 (रंगापारा नार्थ-प्रयागराज) स्पेशल रंगापारा नार्थ से 09:00 बजे रवाना होगी और 11 नवंबर,को 12:40 बजे प्रयागराज पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 05672 (आनंद विहार टर्मिनल - गुवाहाटी) स्पेशल आनंद विहार टर्मिनल से 23:45 बजे रवाना होकर 10 नवंबर को 14:15 बजे गुवाहाटी पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 01066(अगरतला-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस) स्पेशल अगरतला से 15:10 बजे रवाना होगी और 13 नवंबर को 08:25 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी।

सीपीआरओ ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशनों पर व्यापक व्यवस्था की गई है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) स्टेशनों पर ट्रेनों में यात्रियों के लिए व्यवस्थित और सुचारू बोर्डिंग व्यवस्था सुनिश्चित कर रहा है।

### भागलपुर में दर्दनाक हादसा

## शौचालय की टंकी में दम घुटने से एक ही परिवार के 3 लोगों की

**भागलपुर.** बिहार में भागलपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र में शौचालय की टंकी में दम घुटने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ.नवल किशोर चौधरी ने शनिवार को बताया कि इस क्षेत्र के मोहदीपुर गांव में पुनीत यादव अपने घर में शौचालय की टंकी साफ करने के लिए उसके अंदर गया। जब वह काफी देर के बाद बाहर नहीं निकला तो उसकी पत्नी साखो देवी भी टंकी के अंदर गई। चौधरी ने बताया कि पति-पत्नी के टंकी से काफी देर तक बाहर नहीं निकलने के बाद पुनीत यादव का साढ़ू दीनानाथ यादव दोनों को देखने के लिए टंकी के अंदर गया। इस घटना में तीनों लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। संभवत टंकी के अंदर विषैला गैस होने की वजह से तीनों लोगों की दम घुटने से मौत हुई है। इधर ग्रामीणों से हादसे की जानकारी मिलते ही जगदीशपुर के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियो ने मौके पर पहुंचकर तीनों के शवों को टंकी से बाहर निकाला।

## पार्सल पैक कर हत्या: बोरे के अंदर बाइक समेत युवक को बंद कर जिंदा जला दिया; बिहार में मृतक की नहीं हुई पहचान

नवादा के नगर थाना क्षेत्र के खरीदीविगहा सिसवां गेट के पास झाड़ी में अपराधियों ने मोटरसाइकिल सहित युवक को जिंदा जला दिया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि अपराधियों ने युवक को मारकर बाइक समेत पार्सल की तरह पैक कर दिया। इसके बाद पार्सल बैग को आग के हवाले भी कर दिया गया। युवक को बोरा में बंद कर मोटरसाइकिल पर जलाया गया हैं। व्यक्ति और मोटरसाइकिल पूरी तरह से जल गया है। नवादा सदर एसडीपीओ हुलास कुमार ने बताया कि नगर थाना को यह सूचना मिली कि एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल सहित जला दिया गया।



नवादा सदर एसडीपीओ ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता हैं किसी व्यक्ति की हत्या कर यहां लाकर मोटरसाइकिल सहित जला दिया हैं। मोटरसाइकिल पर बोरा में बैठाकर व्यक्ति को जला दिया गया हैं, जहां पर बहुत कचरा है। वहीं पर इस घटना को अंजाम दिया गया। एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। व्यक्ति की पहचान की जा रही है।

### फ्लड लाइट्स में मैच नहीं

## कीट-पतंगों के कारण महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में बड़ा बदलाव




पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए बिहार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के मैच समय में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। एशियन हॉकी फेडरेशन और हॉकी इंडिया ने संयुक्त रूप से यह निर्णय लिया है। इस कदम का मुख्य कारण शाम के समय फ्लड लाइट्स के कारण आकर्षित होने वाले कीट-पतंगों की समस्या को नियंत्रित करना है।

**नई समय-सारणी का विवरण, नई व्यवस्था के अनुसार**

पहला मैच- दोपहर 12:15 बजे
दूसरा मैच- दोपहर 2:30 बजे
तीसरा मैच- शाम 4:45 बजे निपटने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं...

यह बदलाव पूर्व निर्धारित समय से काफी भिन्न है, जहां मैच शाम 3:00, 5:15 और 7:30 बजे आयोजित किए जाने वाले थे। राजगीर स्टेडियम के चारों ओर स्थित धान के खेतों की वजह से कीटों की संख्या में वृद्धि देखी गई। बिहार सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं...

उन्नत ड्रोन तकनीक का उपयोग
व्यापक फ्यूमिगेशन प्रक्रिया
सात विभिन्न प्रकार के रसायनों का प्रयोग, जिनमें सैफेनोथ्रिन, डेल्टामेथ्रिन और साईफ्लूथ्रिन शामिल हैं।

विशेषज्ञों की राय

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने इस संबंध में कहा की हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता खिलाड़ियों और दर्शकों की सुरक्षा है। राजगीर में पहली बार इतने बड़े स्तर का टूर्नामेंट हो रहा है, और हम चाहते हैं कि यह आयोजन सभी के लिए यादगार बने।

महत्व और प्रभाव

यह टूर्नामेंट बिहार के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। राज्य सरकार की भागीदारी और हॉकी इंडिया के प्रयासों से यह आयोजन भारतीय हॉकी के विकास में एक नया अध्याय जोड़ने की ओर अग्रसर है। समय में किया गया यह बदलाव खेल की गुणवत्ता और खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन से न केवल बिहार में हॉकी को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि भविष्य में अन्य अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स की मेजबानी के लिए भी एक मजबूत आधार तैयार होगा।